# प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत की साख बढ़ी : डॉ. पूनिया

**हैदराबाद/ जयपुर।** भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक हैदराबाद में राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने भारत की विदेश नीति, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर विचार रखे।

- **हैदराबाद में हुई भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने विचार रखे**

डॉ. पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व में मजबूत एवं दूरदर्शी विदेश नीति के कारण भारत की साख बढ़ी और भारतवंशियों में आत्मविश्वास बढ़ा है। मोदी सरकार के सुशासन में राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देने वाले महान व्यक्तित्वों को पदम पुरस्कारों से सम्मानित कर पदम पुरस्कार जन पुरस्कार बने। मोदी ने मन की बात के जरिए भारत को भावनात्मक रूप से नवाचारों के साथ जोड़ा है, जो निरंतर अनूठे प्रयासों के साथ जारी है। राज्यों में विपक्ष की सरकारों ने केंद्र प्रवर्तित कल्याणकारी योजनाओं के प्रति पूर्वाग्रह रखकर प्रदेशों की जनता को योजनाओं के लाभ से वंचित रखा है। आयुष्मान, पीएम आवास, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्जवला, जनधन, जल जीवन मिशन इत्यादि जन कल्याणकारी योजनाओं से सीधा लाभ गांव गरीब तक पहुंच रहा है, जिससे गांव का व्यक्ति स्वाभिमान के साथ आत्मनिर्भर बन रहा है। मोदी सरकार के शासन में संविधान, तिरंगा और महापुरुषों का और अधिक सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के महान व्यक्तित्व को जन जन तक पहुँचाने के लिये पंचतीर्थ विकसित करने के साथ ही भीम ऐप के जरिए भारत के आमजन को डिजिटल क्रांति से जोड़ना यह दर्शाता है कि नरेंद्र मोदी देश के हर गांव और गरीब को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।



**हैदराबाद में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया की आत्मीय मुलाकात हुई। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के साथ भी भेंट हुई।**

## जयपुर में 5 दिन बाद खत्म हुई नेटबंदी

**जयपुर।** उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल साहू हत्याकांड के बाद राजस्थान में अब तक की सबसे बड़ी नेटबंदी जयपुर समेत अधिकांश जिलों में समाप्त हो गई है।

राजस्थान में यह पहली बार हुआ कि पूरे प्रदेश में 5 दिनों तक एक साथ इंटरनेट बंद रहा। इसके कारण पूरे प्रदेश में तमाम करोबार प्रभावित हुए और पर्यटन व ऑनलाइन बिजनेस सेक्टर को सबसे ज्यादा नुकसान झेलना पड़ा। टेलीकॉम कंपनियों से मिली जानकारी के मुताबिक नेटबंदी के कारण प्रदेश में मोबाइल वॉइसकॉल की अवधि 26 प्रतिशत और एसएमएस 5 गुना तक बढ़ गए। पहले हर दिन प्रदेश में 1640 करोड़ मिनट वॉइस कॉल होती थी, जो नेटबंदी में 2215 कोड़ मिनट हो गई है।

## आईआरएस प्रतीति गोयल सम्मानित



**जयपुर।** सीजीएसटी मुंबई पश्चिम की डिप्टी कमिश्नर प्रतीति गोयल को उत्कृष्ट कार्यों के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं केंद्रीय राजस्व सचिव तरुण बजाज ने विज्ञान भवन नई दिल्ली में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अतिरिक्त मुख्य सचिव पवन कुमार गोयल की पुत्री प्रतीति गोयल यह सम्मान प्राप्त करने वाली मुंबई सीजीएसटी की एकमात्र अधिकारी है।

## प्रधान मंत्री मोदी ने वसुन्धरा राजे से पूछा, ''अब कैसी है बहू निहारिका''

**हैदराबाद/जयपुर।** भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुन्धरा राजे से उनकी पुत्रवधू निहारिका राजे के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने राजे से मिलते ही पूछा 'वसुन्धराजी अब कैसे है निहारिका? अब तो स्वस्थ है ना'।

उन्होंने राजे की पुत्रवधू के इलाज के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली और इलाज के प्रति पूरी सावधानी बरतने की सलाह दी। मोदी ने कहा कि मेरी शुभकामनाएँ उनके साथ है। आप चिंता न करें उन्हें ईश्वर दीर्घायु बनाए रखेगा। इस सम्बंध में मेरे सहयोग की जहाँ आवश्यकता हो ज़रूर बताएं।

राजे ने पीएम द्वारा उनकी पुत्रवधू को लेकर जताई गई चिंता के लिए उनका आभार व्यक्त किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि निहारिका राजे लम्बे समय से गम्भीर बीमारी से ग्रस्त थी, जो अब स्वस्थ हैं, लेकिन उनका अभी भी दिल्ली में उपचार चल रहा है। राजे की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी वार्ता हुई।

## राज्यपाल ने परशुराम मूर्ति स्थापना में दिया 1 लाख रुपये का योगदान

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने विप्र फाउन्डेशन की ओर से अरुणाचल प्रदेश में आदि तीर्थ परशुराम कुंड पर भगवान श्री परशुराम जी की 51 फिट की मूर्ति स्थापना में अपने स्वयं के खाते से एक लाख रुपए की राशि का अतुलनीय योगदान प्रदान किया हैं। साथ ही उन्होंने परशुराम तीर्थोंन्नय महाभियान के ब्रोशर का भी विमोचन किया तथा परशुराम कुंड क्षेत्र के विकास की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन की ओर से मूर्ति स्थापना समिति के मुख्य संयोजक एवं मावली विधायक धर्मनारायण जोशी, राष्ट्रीय सचिव विनोद अमन, जोन-1 के प्रदेशाध्यक्ष राजेश कर्नल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र हर्ष, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष पवन शर्मा ''नटराज'' विजय प्रकाश विप्लवी प्रमुख रूप से मौजूद थे।




# शिक्षा ही सही मायनों में आदमी को इंसान बनाती है : न्यायमूर्ति बनवारी लाल शर्मा

**जयपुर,** (का.सं.)। ''शिक्षा का दान सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि इसकी उम्र दाता व पात्र दोनों से ज्यादा होती है। यह कभी खत्म नहीं होती और खर्च करने से बढ़ती है।'' ये विचार आज समर्पण संस्था द्वारा प्रताप नगर स्थित निर्मला ऑडिटोरियम में आयोजित शिक्षादान महोत्सव में अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति बनवारी लाल शर्मा ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि ''शिक्षा एक परिधान है जो प्रभाव और प्रतिष्ठा देता है। यह शून्य स्पर्श है जो ऊर्जा और आवेग देता है। यह एक संस्कार है जो आवर्त को अनावर्त करता है। परोक्ष को प्रत्यक्ष और कल्पना को हक़ीक़त में बदल देता है। शिक्षा ही सही मायनों में आदमी को इंसान बनाती है।

इससे पूर्व शिक्षा दान महोत्सव की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई तत्पश्चात् सभी ने समर्पण प्रार्थना का उच्चारण रामअवतार नागरवाल के साथ किया। महोत्सव में संस्था द्वारा चयनित कुल 125 जरूरतमंद निर्धन विद्यार्थियों को फ़ीस के चैक, किताबें, नोटबुक्स

- **शिक्षा दान महोत्सव में 125 विद्यार्थियों को मदद की**

यूनिफॉर्म, स्टेशनरी आदि भेंट की गई। तथा सभी विद्यार्थियों को 'समर्पण आदर्श विद्यार्थी' का कार्ड दिया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा में सहयोग करने वाले संस्था द्वारा नियुक्त कुल 75 शैक्षिक राजदूतों (एज्युकेशनल एम्बेसेडर) को भी सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में संस्था की पंचम स्मारिका ''लोकोपकार'' का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। स्मारिका में संस्था गतिविधियों की विस्तृत जानकारी के साथ राजस्थान सरकार व भारत सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं को भी प्रकाशित किया गया है। मुख्य सलाहकार व पूर्व जिला न्यायाधीश उदय चन्द बारूपाल ने स्मारिका पर विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता बीरी सिंह सिनसिनवार व शिक्षाविद दीपक महान ने भी अपने विचार व्यक्त किये। महोत्सव में विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त आईपीएस मदन गोपाल मेघवाल, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता बी.एल. भाटी, रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत तथा निदेशक नरेन्द्र सिंह रावत, संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, लेखक डॉ. तिलक तंवर, अन्तराष्ट्रीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, आरजे आरती मल्होत्रा व डॉ. ललित मेहरा भी उपस्थित रहे।

